**INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR**

**MID TERM EXAMINATION (2023-24) Day & Date: Sunday, 17-09-2023 (SET – 1)**

**हिंदी (ब) कोड संख्या 085        कक्षा – दसवीं**

**निर्धारित समय: 3 घंटे**                                                                 **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश :–**

- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं – खंड 'अ' और खंड 'ब।'
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**खंड – अ**

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :-                                                                 (1×5=5)

चंद्रयान 3 भारत का एक ऐसा महत्त्वाकांक्षी मिशन है जिससे चंद्रमा की सतह से जुड़ी कई सारी जानकारियाँ हासिल होंगी। इस मिशन का सारा श्रेय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) को जाता है। इसे इसरो द्वारा 14 जुलाई 2023 को लॉन्च किया गया था। लॉन्चिंग और लैंडिंग के बीच 40 दिनों का समय था। इसरो के वैज्ञानिक इस मिशन को सफल बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए थे। चंद्रयान 3 को श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च होने की हरी झंडी मिली थी। चंद्रयान 3 में एक लैंडर और एक रोवर शामिल है। इसी के साथ एक आर्बिटर भी रखा गया है। लैंडर का काम था - यान को सफलतापूर्वक तरीके से चाँद पर उतारना। रोवर चाँद की सतह पर रहकर काफ़ी सारी चीज़ों की खोज करेगा। आर्बिटर यह अध्ययन करेगा कि चाँद पर किस तरह का वातावरण है। चंद्रयान 3 पूरी तरह से भारतीय तकनीक से बनकर तैयार हुआ है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि 23 अगस्त 2023 को वह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव हिस्से पर लैंड हुआ। चंद्रयान 3 हमें यह जानकारी देगा कि आखिर चाँद पर पानी और बर्फ़ की मात्रा कितनी है और चाँद पर प्राकृतिक तत्त्व एवं खनिज उपलब्ध हैं या नहीं। चंद्रयान 3 ने हमारे देश के लिए मून इकॉनोमी का भी रास्ता खोज लिया है। चंद्रयान 3 को बनाने में 615 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। अब हमारे देश की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में और भी ज़्यादा प्रगति होगी।

**(i) चंद्रयान 3 ने कौन सी तारीख़ को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी?**

(क) 14 जुलाई 2023 को                    (ग) 23 अगस्त 2023 को

(ख) 23 अगस्त 2022 को                    (घ) 23 जुलाई 2023 को

**(ii) चंद्रयान 3 से क्या लाभ होगा?**

(क) चाँद की प्राकृतिक सुंदरता का ज्ञान                    (ग) 615 करोड़ रुपए की बचत

(ख) चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव हिस्से की जानकारी                    (घ) हॉलीवुड फ़िल्म के लिए पैसा

**(iii) चाँद का पर्यायवाची नहीं है —**

(क) राकेश (ख) सुधाकर (ग) विधु (घ) आदित्य

**(iv) कथन और कारण पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए —**

**कथन:** चंद्रयान 3 को श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च होने की हरी झंडी मिली थी।

**कारण:** इससे चंद्रमा की सतह से जुड़ी कई सारी जानकारियाँ हासिल होंगी।

(क) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है।

(ख) कथन और कारण दोनों ही ग़लत हैं।

(ग) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है।

(घ) कथन सही है, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।

**(v) सही कथन छाँटिए:**

(क) रोवर ने यान को चाँद पर उतारा।

(ख) लैंडर चाँद पर काफ़ी चीज़ों की खोज करेगा।

(ग) आर्बिटर चाँद का वातावरण बताएगा।

(घ) चंद्रयान 3 की लागत 615 लाख रुपए है।

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :– (1×5=5)

भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य देश को खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बनाना था, लेकिन इस बात की आशंका किसी को नहीं थी कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न सिर्फ़ खेतों में, बल्कि खेतों से बाहर मंडियों तक में होने लगेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग खाद्यान्न की गुणवत्ता के लिए सही नहीं है, लेकिन जिस रफ़्तार से देश की आबादी बढ़ रही है, उसके मद्देनजर फ़सलों की अधिक पैदावार ज़रूरी थी। समस्या रासायनिक खादों के प्रयोग की ही नहीं है। देश के ज़्यादातर किसान परंपरागत कृषि से लगभग दूर होते जा रहे हैं। तीन दशक पहले तक हर किसान के यहाँ गाय, बैल और भैंस खूँटों से बँधे मिलते थे। अब इन मवेशियों की जगह ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ले ली है। परिणामस्वरूप गोबर और घूरे की राख से बनी कंपोस्ट खाद खेतों में गिरनी बंद हो गई। पहले चैत्र-वैशाख में गेहूँ की फ़सल कटने के बाद किसान अपने खेतों में गोबर, राख और पत्तों से बनी जैविक खाद डालते थे। इससे न सिर्फ़ खेतों की उर्वरा-शक्ति बरकरार रहती थी, बल्कि इससे किसानों को आर्थिक लाभ के अलावा बेहतर गुणवत्ता वाली फ़सल मिलती थी।

**(i) हमारे देश में हरित क्रांति का उद्देश्य क्या था?**

(क) अनाज को कृत्रिम रूप से तैयार करना

(ख) अनाज को विदेशों में भेजकर आय बढ़ाना

(ग) देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाना

(घ) विदेशी फ़सलों को उगाने के लिए वातावरण बनाना

**(ii) खाद्यान्नों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किनका अंधाधुंध प्रयोग सही नहीं था?**

(क) पत्तों की जैविक खाद का

(ख) राख और कंपोस्ट की खाद का

(ग) रासायनिक खाद और कीटनाशकों का

(घ) मवेशियों की जगह ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेती करने का

**(iii) हरित क्रांति ने किसानों को किससे दूर कर दिया?**

(क) परंपरागत कृषि से

(ख) घर में अनाज रखने से

(ग) मंडी में अनाज बेचने से

(घ) आधुनिक कृषि यंत्रों से

**(iv) खाद्यान्न की गुणवत्ता के संदर्भ में विशेषज्ञों की राय थी —**

(क) परंपरागत खेती के तरीके सही नहीं हैं।

(ख) राख और कंपोस्ट की खाद से पैदावार नहीं बढ़ सकती।

(ग) रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग उचित नहीं।

(घ) रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के प्रयोग से गुणवत्ता बढ़ जाएगी।

**(v) कथन और कारण पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए —**

कथन: हरित क्रांति ने किसान को परंपरागत खेती से दूर कर दिया।

कारण: पैदावार बढ़ाने के लिए खेत में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का बहुत अधिक प्रयोग किया जाने लगा।

(क) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है।

(ख) कथन और कारण दोनों ही ग़लत हैं।

(ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है।

(घ) कथन सही है, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न 3.** निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **<u>चार</u>** के उत्तर दीजिए: (**1×**4=4)

**(1) 'दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाज़ार गया।' - वाक्य में सही पदबंध है:**

I. दो सौ आदमियों का जुलूस - सर्वनाम पदबंध
III. लाल बाज़ार - क्रिया पदबंध
II. दो सौ आदमियों का जुलूस - संज्ञा पदबंध
IV. दो सौ आदमियों - विशेषण पदबंध

**(2) 'अतीत में खोए रहने वाले लोग अपना वर्तमान प्रभावित कर लेते हैं।' - वाक्य में क्रिया पदबंध है:**

I. अतीत में खोए रहने
III. प्रभावित कर लेते हैं
II. रहने वाले लोग
IV. वर्तमान प्रभावित कर लेते हैं

**(3) दिए गए रेखांकित विकल्पों में से सर्वनाम पदबंध कौन-सा है?**

I. चाय पीने की यह **<u>एक विधि</u>** है।
III. **<u>बड़े भाई साहब ने उछलकर</u>** डोर पकड़ ली।
II. सचमुच तुमने बहुत **<u>सुरीला गला</u>** पाया है।
IV. **<u>चाय बनाने वाला वह</u>** अँगीठी सुलगा रहा था।

**(4) खिलाड़ी ने <u>खुद को संतुलित कर ऊँची छलाँग लगाते हुए</u> शानदार कैच पकड़ लिया। — रेखांकित पदबंध का भेद है -**

I. क्रियाविशेषण पदबंध
III. क्रिया पदबंध
II. सर्वनाम पदबंध
IV. विशेषण पदबंध

**(5) निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण पदबंध पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए -**

(क) **<u>केरल के साफ़-सुथरे समुद्र-तट</u>** देखकर मन प्रसन्न हो जाता है।

(ख) **<u>प्रकृति की गोद में शांति तलाशने वाले</u>** पर्यटक यहाँ से निराश नहीं लौटते।

(ग) **<u>हरियाली व प्राकृतिक सौंदर्य से भरा</u>** केरल सभी पर्यटकों का मन मोह लेता है।

(घ) **<u>पर्यटन, मसालों, चाय-कॉफ़ी के लिए जाना जाने वाला केरल</u>** धार्मिक स्थलों के लिए भी प्रसिद्ध है।

**विकल्प:**

I. कथन (क) व (ख) सही हैं।
III. कथन (ग) व (घ) सही हैं।
II. कथन (ख) व (ग) सही हैं।
IV. कथन (घ) व (क) सही हैं।

**प्रश्न 4.** निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **<u>चार</u>** के उत्तर दीजिए: (**1×**4=4)

**(1) 'निकोबारियों द्वारा प्राचीन काल में दोनों द्वीपों का एक ही होना माना जाता है।' मिश्र वाक्य होगा -**

I. निकोबारी मानते हैं कि प्राचीन काल में दोनों द्वीप एक ही थे।

II. निकोबारी प्राचीन काल में थे और दोनों द्वीपों को एक ही मानते थे।

III. निकोबारी प्राचीन काल में दोनों द्वीपों को एक ही मानते थे।

IV. जितने निकोबारी प्राचीन काल में थे, उतने दोनों द्वीपों को एक ही मानते थे।

**(2) निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य छाँटिए -**

I. 'पशु-पर्व' एक ऐसा आयोजन है, जिसमें सभी निकोबारी एक साथ भाग लेते हैं।

II. तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से विवाह की निषेध परंपरा का अंत हो गया।

III. जो सामाजिक रूढ़ियाँ होती हैं, वे समाज के पैरों में बँधी ज़ंजीरों की तरह होती हैं।

IV. तताँरा ने क्रोध का शमन करने के लिए लकड़ी की तलवार निकाली और धरती में घोंप दी।

**(3) '26 जनवरी, 1931 को कोलकातावासियों ने एक वर्ष पहले ख़ुद के ऊपर लगे कलंक को धो दिया था।' — रचना के आधार पर वाक्य-भेद है -**

I. संयुक्त वाक्य III. मिश्रित वाक्य

II. सरल वाक्य IV. जटिल वाक्य

**(4) <u>चूँकि भीड़ अधिक थी,</u> इसलिए जुलूस को रोकना कठिन था। — आश्रित उपवाक्य का भेद बताइए।**

I. संज्ञा आश्रित उपवाक्य III. विशेषण आश्रित उपवाक्य

II. प्रधान उपवाक्य IV. क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य

**(5) रचना आधारित वाक्य-भेद अनुसार इस कथन और कारण को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए:**

**कथन:** यदि वर्षा होती, तो फ़सल अच्छी होती। रचना के आधार पर यह 'मिश्र वाक्य' है।

**कारण:** वाक्य के आरंभ में 'यदि/अगर' हो, तो 'मिश्र वाक्य' ही होता है।

**विकल्प:** I. कथन और कारण दोनों सही हैं। III. कथन और कारण दोनों ही ग़लत हैं।

II. कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है। IV. कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है।

**प्रश्न 5.** निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **<u>चार</u>** के उत्तर दीजिए: (**1×**4=4)

**(1) 'दिनचर्या' समस्त पद का विग्रह है:**

I. दिन की चर्या II. दिन में आराम III. दिन में चलन IV. दिन भर खाना

**(2) '<u>पाँच पात्रों का समूह</u>' विग्रह का सही समस्तपद तथा समास का नाम लिखिए:**

I. पंचानन - कर्मधारय समास III. पंचपात्र - द्विगु समास

II. पंचतत्व - अव्ययीभाव समास IV. पंचतंत्र - द्वंद्व समास

**(3)** '**<u>सुबह-शाम</u>** कंपनी बाग में आते हैं बहुत से सैलानी' रेखांकित में कौन-सा समास है?

I. द्विगु समास II. अव्ययीभाव समास III. तत्पुरुष समास IV. द्वंद्व समास

**(4) 'प्रेमकथा, देशवासी, घुड़सवारी, मदांध' ये सभी समस्त पद किस समास से बने हैं?**

(क) तत्पुरुष समास (ख) द्वंद्व समास (ग) कर्मधारय समास (घ) अव्ययीभाव समास

**(5) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए -**

| समस्त पद | समास |
|---|---|
| (i) घर-घर | (i) अव्ययीभाव |
| (ii) प्राणप्रिय | (ii) द्विगु |
| (iii) वीणापाणि | (iii) बहुव्रीहि |
| (iv) धर्मपतित | (iv) कर्मधारय |

**उपर्युक्त युग्मों में से सही सुमेलित विकल्प हैं -**

**(क)** (i) और (ii) **(ख)** (i) और (iii) **(ग)** (ii) और (iv) **(घ)** (iii) और (iv)

**प्रश्न 6.** मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए: (**1×**4=4)

**(1) लोग सोच रहे थे कि पुलिस अब सख्ती नहीं करेगी, लेकिन पुलिस ने ________________ दिया।**

I. आँखें फेरना II. चेहरा मुरझाना III. अगर-मगर करना IV. अपना रंग दिखलाना

**(2)** वामीरो ने तताँरा से कहा, "**अपना राग अलापना** बंद करो।" इस मुहावरे का अर्थ है -

I. किसी भी गीत को मन से गाने की भावना रखना

II. अपना प्रभाव जमाने के लिए उचित-अनुचित हर कार्य करना

III. दूसरों की बात न सुनकर केवल अपनी ही बात कहते जाना

IV. अपने अच्छे कार्यों के बारे में बढ़ा-चढ़ाकर बताकर लोगों को प्रभावित करना

**(3) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए।**

I. बाट जोहना—प्रतीक्षा करना III. आवाज़ उठाना—गाने के लिए बहुत अभ्यास करना

II. गाढ़ी कमाई—ग़ैरक़ानूनी कमाई IV. दबे पाँव आना—काम आरंभ करना

**(4) साइबर ठग अपनी बातों में फँसाकर आसानी से पढ़े-लिखे लोगों की __________________ देते हैं।**

I. नाक नीची करना II. बोलती बंद करना III. तूती बोलना IV. आँखों में धूल झोंकना

**(5) 'बलिदान के लिए तैयार रहना' किस मुहावरे के अर्थ को दर्शाता है?**

I. लोहे के चने चबाना II. सिर पर कफ़न बाँधना III. तीर मारना IV. डेरा डालना

**(6) मुहावरों को उनके अर्थ के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

| | |
|---|---|
| (i) चमड़ी उधेड़ना | (अ) मूर्ख होना |
| (ii) घोंघा होना | (ब) भली प्रकार से याद रखना |
| (iii) आँखें फोड़ना | (स) बुरी तरह पीटना |
| (iv) गाँठ बाँधना | (द) बहुत अधिक पढ़ना |

**I.** (i) (स), (ii) (अ), (iii) (द), (iv) (ब) **III.** (i) (ब), (ii) (अ), (iii) (द), (iv) (स)

**II.** (i) (द), (ii) (अ), (iii) (स), (iv) (ब) **IV.** (i) (स), (ii) (ब), (iii) (द), (iv) (अ)

**प्रश्न 7.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्प लिखिए: (**1×**5=5)

आज धरती बनी है दुलहन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो
राह क़ुर्बानियों की न वीरान हो

तुम सजाते ही रहना नए काफ़िले
फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है
ज़िंदगी मौत से मिल रही है गले

**(क) 'धरती बनी है दुलहन' का यहाँ क्या अर्थ होगा?**

(i) वह दुलहन की तरह शरमा रही है। (iii) अपने प्रियतम की राह देख रही है।
(ii) सैनिकों के ख़ून से नहा गई है। (iv) स्वयं को सजाने-सँवारने में लगी है।

**(ख) 'राह क़ुर्बानियों की न वीरान हो' - का तात्पर्य है:**

(i) सैनिक सोच-समझकर आगे बढ़ें। (iii) बलिदानी सैनिकों की परंपरा बनी रहे।
(ii) सैनिक देश के बारे में सोचते रहें। (iv) बलिदानी सैनिक आगे बढ़ने की सोच में रहें।

**(ग) सैनिक किसे सजाने के लिए कहते हैं?**

(i) देश की क़ुर्बानियों को (iii) भारतमाता को
(ii) जश्न मनाने वालों को (iv) बलिदानी सैनिकों के जत्थों को

**(घ) 'फ़तह का जश्न' से तात्पर्य है -**

(i) आगे बढ़ने की ख़ुशियाँ (ii) मृत्यु की ख़ुशी (iii) जीत का उत्सव (iv) संघर्ष की भावना

**(ङ) 'ज़िंदगी मौत से मिल रही है गले' का अर्थ है -**

(i) ज़िंदगी की मौत आ गई है। (iii) ज़िंदादिल लोग बलिदान के लिए तैयार हैं।
(ii) ज़िंदगी दुलहन बन रही है। (iv) सैनिक एक-दूसरे से गले मिल रहे हैं।

**प्रश्न 8.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के <u>**सर्वाधिक उपयुक्त**</u> विकल्प लिखिए: (**1×**2=2)

**(1) 'मनुष्यता' कविता में 'दधीचि' का उल्लेख क्यों किया गया है?**

(i) उन्होंने अपने से पहले दूसरों की भूख शांत की।
(ii) उन्होंने एक कबूतर को बचाने के लिए अपना मांस दे दिया।
(iii) उन्होंने अपने कवच-कुंडल दान में दे दिए थे।
(iv) उन्होंने वज्र बनाने के लिए अपनी हड्डियों का दान किया।

**(2) कवि के अनुसार 'समर्थ भाव' क्या है?**

(i) दूसरों को मारकर स्वयं जीवित रहना (iii) दूसरों की निंदा कर स्वयं की प्रशंसा करना
(ii) दूसरों को सफलता दिलाकर स्वयं सफलता पाना (iv) दूसरों को पछाड़कर स्वयं आगे बढ़ना

**प्रश्न 9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के <u>**सर्वाधिक उपयुक्त**</u> विकल्प लिखिए: (**1x5=5**)

मगर टाइम-टेबिल बना लेना एक बात है, उस पर अमल करना दूसरी बात। पहले ही दिन उसकी अवहेलना शुरू हो जाती। मैदान की वह सुखद हरियाली, हवा के हलके-हलके झोंके, फुटबॉल की वह उछल-कूद, कबड्डी के वह दाँव-घात, वॉलीबॉल की वह तेज़ी और फुरती, मुझे अज्ञात और अनिवार्य रूप से खींच ले जाती और वहाँ जाते ही मैं सब कुछ भूल जाता। वह जानलेवा टाइम-टेबिल, वह आँखफोड़ पुस्तकें, किसी की याद न रहती और भाई साहब को नसीहत और फ़ज़ीहत का अवसर मिल जाता। मैं उनके साये से भागता, उनकी आँखों से दूर रहने की चेष्टा करता, कमरे में इस तरह दबे पाँव आता कि उन्हें ख़बर न

हो। उनकी नज़र मेरी ओर उठी और मेरे प्राण निकले। हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार-सी लटकती मालूम होती।

**(क) टाइम-टेबिल बना लेने के बाद लेखक ने क्या किया?**

(i) टाइम-टेबिल के अनुसार पढ़ने लगा। (iii) टाइम-टेबिल सभी मित्रों को दिखाया।

(ii) टाइम-टेबिल उठाकर अलमारी में बंद कर दिया। (iv) उसने टाइम-टेबिल की अवहेलना की।

**(ख) लेखक को पढ़ाई के स्थान पर क्या आकर्षित करते थे?**

(i) मैदान के खुले वातावरण में घूमना और तरह-तरह के खेल।

(ii) पढ़ाई के स्थान पर दोस्तों के साथ मिलकर गपशप करना।

(iii) कैंटीन में बैठकर दोस्तों के साथ खाना-पीना।

(iv) पढ़ाई के स्थान पर भाँति-भाँति की फ़िल्में देखना।

**(ग) 'हवा' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द होंगे -**

(i) वायु, पवनपुत्र (ii) वायु, पवन (iii) लहर, पवन (iv) वायु, तरंग

**(घ) 'हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार-सी लटकती मालूम होती' का आशय होगा -**

(i) हमेशा बड़े भाई साहब द्वारा पकड़े जाने और डाँट खाने का डर लगा रहता था।

(ii) कमरे की छत से एक तलवार हमेशा लटकती रहती थी।

(iii) छोटे भाई को बड़े भाई का कोई डर नहीं था।

(iv) नंगी तलवार खतरनाक हो सकती है, यह बड़े भाई ने छोटे भाई को समझाया।

**(ङ) बड़े भाई से नसीहत और फ़ज़ीहत से बचने के लिए छोटे भाई का क्या प्रयास रहता?**

(i) वह अपने कान बंद कर लेता।

(ii) वह ऊँची-ऊँची आवाज़ में गाना गाने लगता।

(iii) वह उनके साये से दूर रहने की कोशिश करता और कमरे में दबे पाँव आता।

(iv) वह रेडियो चलाकर नृत्य करने लगता।

**प्रश्न 10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **<u>सर्वाधिक उपयुक्त</u>** विकल्प लिखिए: (**1**×2=2)

**(1) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के अनुसार किस कार्य में ₹2000 ख़र्च किए गए?**

(i) साफ़-सफ़ाई में (ii) भोजन व्यवस्था में (iii) प्रचार में (iv) वाहन की व्यवस्था में

**(2) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर बताइए कि स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा कहाँ पढ़ी जाने वाली थी?**

(i) मोनुमेंट के ठीक नीचे (iii) मोनुमेंट से दूर

(ii) मोनुमेंट के ठीक ऊपर (iv) मोनुमेंट के सामने

## <u>खंड 'ब'</u>

**प्रश्न 11.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***<u>दो</u>*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: (3×2=6)

**(i)** लोग ऐसा क्यों मानते थे कि तताँरा की तलवार में अद्भुत शक्ति है? कहानी के अंत में इसे किस प्रकार दर्शाया गया है? 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर लिखिए।

**(ii)** स्वतंत्रता आंदोलन अब एक ओपन लड़ाई में तब्दील हो चुका था। यहाँ ओपन लड़ाई से क्या तात्पर्य है? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए।

**(iii)** तालीम के विषय में बड़े भाई साहब के विचारों पर टिप्पणी कीजिए। क्या आप उनके उदाहरण को अपना आदर्श बना सकते हैं? तर्क सहित उत्तर लिखिए।

**प्रश्न 12.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: (3×2=6)

**(i)** मीराबाई ने हरि से स्वयं का कष्ट दूर करने के लिए जिन भक्तों के उदाहरण दिए हैं, उनमें से एक पर की गई कृष्ण-कृपा को संक्षेप में लिखिए।

**(ii)** पर्वत प्रदेश में वर्षा ऋतु में प्राकृतिक सौंदर्य कई गुना बढ़ जाता है, परंतु पहाड़ों पर रहने वाले लोगों के दैनिक जीवन में क्या कठिनाइयाँ उत्पन्न होती होंगी? उनके विषय में लिखिए।

**(iii)** 'अहंकार का भाव भक्ति मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है।' कबीर की साखी के आधार पर सिद्ध कीजिए।

**प्रश्न 13.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: (3×2=6)

**(i)** हेडमास्टर श्री मदनमोहन शर्मा और मास्टर प्रीतमचंद बिल्ला के चरित्र में क्या अंतर था? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए।

**(ii)** गाँव के लोग ठाकुरबारी के प्रति भक्तिभावना से भरे थे। इस तथ्य को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**(iii)** विद्यालय जीवन में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों की क्या उपयोगिता होती है? 'सपनों के-से दिन' पाठ की कहानी और अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव के आधार पर लिखें।

## लेखन

**प्रश्न-14.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: (5×1=5)

**1. आज़ादी का अमृत महोत्सव -**

* प्रस्तावना * उद्देश्य * हर घर तिरंगा अभियान * महोत्सव की यात्रा।

**2. अपने लिए भी निकालें समय -**

* मशीनी युग * तेज़ रफ़्तार ज़िंदगी * पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर असर * संकल्प।

**3. बेरोज़गारी की समस्या -**

* बेरोज़गारी क्या है * कारण * समस्या * समाधान।

**प्रश्न-15.** आप मकान संख्या 14/8, गोमती नगर, औरंगाबाद में रहने वाले/वाली वहीद/वहीदा हैं। नई शिक्षा नीति के लागू होने पर संदर्भ पुस्तकों में आवश्यक बदलाव लाने का सुझाव देते हुए किसी प्रकाशक को लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए। (5×1=5)

***अथवा***

आप WZ-16, सृजन अपार्टमेंट, उस्मान रोड, कानपुर के निवासी शरद/शारदा हैं। G-20 सम्मेलन द्वारा भारत की विश्व पटल पर अंकित होने वाली छवि के बारे में बताते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र के संपादक को लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न-16.** आप जसपाल कौर विद्यालय, हज़रत गंज, लखनऊ की छात्र-परिषद के सचिव अनुपम/अनुपमा हैं। कक्षा नवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए विद्यालय में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। (4×1=4)

***<u>अथवा</u>***

आप अरावली सोसाइटी, मालवीय नगर, फ़रीदाबाद की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष/अध्यक्षा रवि/रवीना हैं। आप सोसाइटी में पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा रखना चाहते हैं। इसके लिए आगामी रविवार को वृक्षारोपण समारोह का आयोजन सोसाइटी में किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

**प्रश्न-17.** जन जागरण के लिए 'मिशन लाइफ़' अभियान पर एक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए। (3×1=3)

***<u>अथवा</u>***

किसी जूते बनाने वाली कंपनी के लिए 'केडीडास' नामक नए उत्पाद हेतु लगभग 60 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्रश्न-18.** 'ग़लती सबक बन गई' विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में **<u>एक</u>** लघु कथा लिखिए। (5×1=5)

***<u>अथवा</u>***

शीर्षक देते हुए लगभग 100-120 शब्दों में **<u>एक</u>** लघु कथा लिखिए जिससे शिक्षा मिलती हो कि - समझदार को ही उपदेश देना चाहिए; मूर्ख को उपदेश देने से अपनी ही हानि होती है।

∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗0∗∗0∗0